हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 सीएम दौरे से पूर्व अस्पताल में निरीक्षण दिखावे की...



09 जांच में खुलासाः नवविवाहिता रिंकी की...



खबर संक्षेप

डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव का सागर आगमन

सागर। मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव 20 अगस्त को सागर आएंगे एवं विभागीय समीक्षा सहित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे प्रातः 10:30 बजे सागर पहुचेंगे। तत्पश्चात प्रातः 11 बजे विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। दोपः 1:30 बजे स्थानीय कार्यकमों शामिल होकर सायः 4.00 बजे सागर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिष्ठानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने जब्त

सागर। खाद्य सुरक्षा आयुक्त, मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए जब्त किए गए तथा अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उपभोक्ता की शिकायत पर न्यू ब्रिज वासी स्वीट्स, सिविल लाइन में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान काला जामुन, मिल्क केक, बेसन बर्फी एवं मावा बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा अनुपालन में अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी प्रकार नंद रानी स्वीट्स, मकरोनिया के निर्माण स्थल का सघन निरीक्षण किया गया। यहां निर्माण में उपयोग हो रहे घी, बेसन के लड्डू एवं मावा बर्फी के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। खाद्य पदार्थों एवं मिठाई निर्माण में उपयोग होने वाले सभी रॉ मैटिरियल के पक्के बिल लेने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के पास स्थित श्री बालाजी कृपा रेस्टोरेंट में शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। यहां से मंचूरियन के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों एवं अनुसूची-4 में निर्धारित सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का पालन नहीं किए जाने पर धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया जा रहा है। जांच परिणाम प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

स्टेट बैंक ने पुलिस कर्मियों के परिवार को बीमा चेक प्रदान किए

सागर। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों हेतु विशेष पुलिस सैलरी पैकेज के माध्यम से मुफ्त जीवन बीमा की सुविधा दी जा रही है। कुछ समय पूर्व 10वीं बटालियन मकरोनिया के 4 साथियों का विभिन्न बीमारियों के कारण दुखद निधन हो गया था। भारतीय स्टेट बैंक मकरोनिया, सिविल लाइन एवं यूनिवर्सिटी शाखा और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही कर इन्हें बीमा का लाभ दिलाया गया। इसी तारतम्य में आज पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के द्वारा स्टेट बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में इन स्वर्गीय कर्मचारियों के परिजनों को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। इस योजना के अंतर्गत काजल गौतम पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद गौतम (आरक्षक), रुक्मणी पत्नी स्वर्गीय् रीनिवास सिंह (उप निरीक्षक), मुन्नी बाई पत्नी स्वर्गीय मनसुखलाल (प्रधान आरक्षक) एवं विमला देवी पत्नी स्वर्गीय करण बहादुर (प्रधान आरक्षक) को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा 10-10 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर स्टेट बैंक से आशु साहू, मुख्य प्रबंधक सिविल लाइंस शाखा, अजय तिवारी, शाखा प्रबंधक मकरोनिया शाखा, पंकज श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक यूनिवर्सिटी शाखा एवं पुलिस विभाग से सूरजमल राजौरिया, उप सेनानी, संतोष कुमार, कार्यवाहक उप निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

30 से अधिक फर्जी फर्मों का खुलासा, खातों में 5.50 करोड़ से अधिक के लेन-देन का पता

फर्जी फर्म और म्यूल खातों से ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्कः 2.69 करोड़ नकद व 30 लाख का सोना बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बेरोजगार और सामान्य लोगों के दस्तावेज लेकर फर्जी फर्में तैयार कर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाने और इन खातों के जरिए ऑनलाइन सट्टे की रकम का लेन-देन करने वाले संगठित गिरोह का सागर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मकरोनिया पुलिस की कार्रवाई में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 2 करोड़ 69 लाख 42 हजार 700 रुपए नकद, करीब 30 लाख रुपए कीमत का सोना, नोट गिनने की मशीन, एटीएम, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जांच में 30 से अधिक फर्जी फर्मों का पता चला है, जिनके बैंक खातों में प्रारंभिक जांच में 5.50 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन सामने आया है।पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को रोहित पटेल ने शिकायत की थी कि उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उसके नाम से 'ग्लैमर इंटरप्राइजेस' फर्म बनाकर फेडरल बैंक मकरोनिया में करंट अकाउंट खोला गया है। खाते की जांच में फरवरी 2026 से करीब छह माह में लगभग 90 लाख रुपए का लेन-देन मिला। इसके बाद थाना प्रभारी मकरोनिया नितिन पाल के नेतृत्व में टीम गठित कर बैंक खातों, फर्मों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच शुरू की गई।



ऐसे तैयार करते थे म्यूल खाते

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य बेरोजगार लोगों को कमीशन और पैसे का लालच देकर उनके आधार सहित अन्य दस्तावेज लेते थे। इन्हीं दस्तावेजों से फर्जी फर्में बनाकर निजी बैंकों में करंट अकाउंट खुलवाए जाते थे। बाद में इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन सट्टे और संदिग्ध रकम के ट्रांजेक्शन के लिए किया जाता था। पुलिस ने धर्मेंद्र नाहर और सोनू दांगी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली। जांच के दौरान अमित विश्वकर्मा, विपिन गिरी, स्वर्णेंद्र पांडे और रिषभ पटेल को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक रिषभ पटेल ऑनलाइन बैटिंग का संचालन करता था। उसके कब्जे से 2.69 करोड़ रुपए नकद और करीब 30 लाख रुपए का सोना बरामद हुआ। पुलिस को ऑनलाइन बैटिंग से जुड़े डिजिटल साक्ष्य और दस्तावेज भी मिले हैं। अमित विश्वकर्मा और रिषभ पटेल को न्यायालय से आठ दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

20 से अधिक फर्मों के नाम सामने आए जांच में

ग्लैमर इंटरप्राइजेस, भूपेंद्र इंटरप्राइजेस, सूर्या इंटरप्राइजेस, समृद्धि टूर एंड ट्रेवल्स, लवली स्वीट एंड मसाला चाट सेंटर, कार्तिक इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टार इंटरप्राइजेस, राजपूत इंटरप्राइजेस, अनुभव ट्रेडर्स, सागर ट्रेडर्स, शर्मा जी इंटरप्राइजेस, सौरभ इंटरप्राइजेस, माखन इंटरप्राइजेस, अंकेश इंटरप्राइजेस, तनविक इंटरप्राइजेस, यूनिक टूर एंड ट्रेवल्स, महाकाल ट्रेडर्स, मैक्स ट्रेडर्स, बालाजी ट्रेडर्स और जय महाकाल टूर एंड ट्रेवल्स सहित 30 से अधिक फर्जी फर्मों का पता चला है। इनके खातों में 5.50 करोड़ रुपए से अधिक का प्रारंभिक लेन-देन मिला है। पुलिस अब सभी खातों का विस्तृत वित्तीय और तकनीकी विश्लेषण कर रही है।

दो आरोपी फरार

मामले में धर्मेंद्र नाहर, सोनू दांगी, अमित विश्वकर्मा, विपिन गिरी, स्वर्णेंद्र पांडे और रिषभ पटेल गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं सरमन उर्फ शुभम रैकवार और ऋषि केशव सिंह फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। साथ ही फर्जी फर्मों के पंजीयन और बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कमीशन या आसान कमाई के लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल नंबर, ओटीपी अथवा बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को न दें। अपने नाम से बैंक खाता या फर्म खुलवाकर उसका संचालन दूसरे व्यक्ति को सौंपना भी कानूनी जोखिम पैदा कर सकता है।



शिवलिंग निर्माण का तृतीय दिवस, रामायण की चौपाइयों का उच्चारण करते हुआ रुद्री निर्माण

सागर। बैंक कॉलोनी तिली रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने रुद्री बनाते हुए रामचरित मानस की चौपाइयों का गान किया। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रातः 8बजे से रुद्री निर्माण हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने रामायण की प्रचलित चौपाइयों का एक साथ उच्चारण किया। 11.30बजे से 1.30बजे तक पूजन अभिषेक सम्पन्न हुआ। शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक में हरिनारायण तिवारी, के पी गांधी, अशोक मिश्रा, बालमुकुंद दुबे,अनिल कुशवाहा, कृष्णकांत मिश्रा, दिनेश दुबे, आर पी श्रीवास्तव, देवेंद्र पटेल, रमाकांत सोनी, विपिनकुमार नेमा, राजेंद्र चौबे, मनीष सेन, अखिलेश तिवारी, मुकेश प्यासी, विकास चौरसिया, मन्नूलाल पवार, आभा नायक, सीता व्यास, मनीषा गांधी, अभिलाषा राजपूत, राधा दुबे, सीमा शर्मा, अर्चना खरे, वृंदा असाटी, रीना खरे, सीमा तिवारी, रेशु चतुर्वेदी, दीप्ति यादव, रश्मि शर्मा, संतोषी तिवारी, रेखा पाठक, ऋतु दुबे, दीपिका ठाकुर, रानी अग्रवाल, अंजू पंड्या, क्रांति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



सही दिशा का प्रसाद ही सही दशा का प्रसाद बनता है : निर्यापक मुनि श्री अभय सागर

सागर। निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सही दिशा का प्रसाद ही सही दशा का प्रसाद बनता है। मनुष्य संस्कार और पुरुषार्थ से जीवन में आगे बढ़ता है, लेकिन सफलता के लिए सही दिशा का होना आवश्यक है। उन्होंने नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि नदी अपने उद्गम से समुद्र तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ती है। मार्ग में अनेक बाधाएं आती हैं, फिर भी वह अपना लक्ष्य नहीं छोड़ती। इसी प्रकार मनुष्य को भी जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों में धैर्य और दृढ़ता बनाए रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। मुनिश्री ने भगवान श्री पारसनाथ के जीवन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि घोर उपसर्गों के बीच भी भगवान अपने आत्मस्वरूप और ध्यान में अडिग रहे। उनकी अचल साधना हमें प्रेरणा देती है कि बाधाएं कितनी भी हों, यदि लक्ष्य पवित्र और दिशा सही हो तो साधक को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। मुनि श्री प्रभात सागर महाराज ने भी इस अवसर पर सगे भाइयों में यदि आपस में बैर है तो आज के दिन दूर करने की प्रेरणा दी। श्री पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर प्रथम लाडू सुमित जैन साधना जैन सचिन जैन, द्वितीय लाडू आशीष शास्त्री बीना , तृतीय लाडू शीलचंद मनीष जैन, चतुर्थ लाडू पं कमल जैन, सरोज जैन, ब्र नेहा दीदी, पांचवा लाडू, रविंद्र जैन वसंत जैन सीहोरा, ने बोलियों के माध्यम से लेकर भगवान को चढ़ाया। सुबह 8:20 पर भगवान मोक्ष गए। डीएसपी अरविंद जैन, स्वप्निल जैन, अरिहंत जैन ने शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश जैन ढाना, देवेंद्र जैना, संतोष बिलहरा, दिनेश बिलहरा, विकास जैन केसली, मुकेश जैन पारस, राजकुमार बरा, मुकेश जैन सेवन, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।



मकरोनिया क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की कार्रवाई करें : कलेक्टर प्रतिभा

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा, एनकॉर्ड, नशा मुक्ति आदि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने पीएम राहत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पीड़ितों को दी जाने वाली राहत राशि के लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जाति प्रमाण पत्र अथवा बैंकिंग संबंधी दस्तावेजों की कमी के कारण जो भी प्रकरण लंबित हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराकर पीड़ितों को शीघ्र राहत राशि वितरित की जाए। बैठक में एडिशनल एस पी जयदीप भदौरिया, , लोक निर्माण विभाग अधिकारी साहित्य तिवारी, सीएमएचओ डॉ देवेश पटेरिया, ट्रैफिक डीएसपी मयंक चौहान, आदि सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। नशा मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर पाल ने पुलिस, आबकारी और सामाजिक न्याय विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए तथा नशा मुक्त परिसर अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सभी सार्वजनिक एवं शासकीय भवनों के परिसरों को पूर्णतः नशा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। कलेक्टर पाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को शासन के निर्देशानुसार तत्काल कैशलेस इलाज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इलाज में आवश्यक सहयोग न देने वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए, साथ ही दुर्घटना की स्थिति में एम्बुलेंस का समय पर पहुंचना भी सुनिश्चित हो। पिछले पांच वर्षों की सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एक ही स्थान पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए।

सम्मान जो समाज के काम आए पहल से जरूरतमंदों को सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

'सम्मान जो समाज के काम आए' संकल्प के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगाहा कलां, धनोरा मंडल में सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 24 विद्यार्थियों को साइकिल, 155 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, 70 स्कूली बैग, 30 छाते, 70 महिलाओं को कंबल, 10 जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी तथा दो भागवत गीता वितरित की गईं। सामग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, महिलाओं और परिवारों ने इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 'सम्मान जो समाज के काम आए' का उद्देश्य सम्मान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए उसे समाज के जरूरतमंद लोगों के उपयोग में लाना है। पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने स्वागत के दौरान माला और गुलदस्ता स्वीकार करने के बजाय ऐसी सामग्री लेने का संकल्प लिया है, जिसका उपयोग बच्चों और जरूरतमंद परिवारों के हित में हो सके। इसी भावना के तहत विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों को ड्रेस, टिफिन, कॉपी, पेन, पेंसिल और बैग सहित उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से दूर-दराज स्कूल आने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों के लिए आवागमन की सुविधा महत्वपूर्ण है। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। विद्यार्थियों को सरकार की योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं का सदुपयोग कर शिक्षा और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए।

सरोज सिंह ने बताया कि दुगाहा कलां क्षेत्र के विद्यार्थियों की लंबे समय से मांग को देखते हुए यहां हायर सेकेंडरी स्कूल की मंजूरी दिलाई गई है। अब विद्यार्थियों को 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत खुरई अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, रामाधार शर्मा, रामकुमार बघेल, भूपेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय की प्राचार्य पूनम शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



तिलकगंज वार्ड में आयोजित हुआ "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" का 22वां शिविर

महापौर ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर दिए निराकरण के निर्देश पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सागर द्वारा संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" अभियान के अंतर्गत बुधवार को तिलकगंज वार्ड में 22वां जनचौपाल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने जलप्रदाय, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य मूल भूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखीं।

महापौर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश देकर समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनके वार्ड में ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनचौपाल शिविरों के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, कल्याणी पेंशन, संबल योजना, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण किया जाए।



महापौर ने नागरिकों से अपील की कि जो लोग अभी तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनचौपाल शिविरों में उपस्थित हों, ताकि पात्रतानुसार उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जा सके।

शिविर के दौरान महापौर संगीता सुशील तिवारी ने नागरिकों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सभी नागरिक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का उचित पृथक्करण करें तथा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही कचरा दें।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि महापौर संगीता सुशील तिवारी की पहल पर आयोजित किए जा रहे जनचौपाल शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराने की प्रभावी पहल की जा रही है। साथ ही शासन की मंशानुरूप समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे नागरिकों को कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है जिसके सकारात्मक परिणाम मिला रहे हैं।



विवि में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सी.ए.आर.) के द्वारा पार्टिकल साइज और जीटा पोटेंशियल एनालाइजर (पीएसए) पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य थ्योरेटिकल कॉन्सेप्ट्स एवं प्रैक्टिकल लैबोरेटरी ऑपरेशन्स के बीच की दूरी को कम करना और रिसर्च के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था। प्रशिक्षण में कुल 35 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। कार्यशाला की शुरुआत बुनियादी लेक्चर से हुई, जिसमें बताया गया कि पीएसए तकनीक सैम्पल पार्टिकल्स के फिजिकल डायमेंसन्स एवं डिसट्रिब्यूसन को मापती है। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक कुमार पांडे ने प्रतिभागियों को पीएसए एनालिसिस के सामान्य उपयोगों जैसे फार्मास्युटिकल्स में टारगेटेड ड्रग डिलीवरी, दवा के घुलने की दर, खाद्य एवं पेय पदार्थों का परीक्षण, निर्माण सामग्री जैसे कि सीमेंट और सिरेमिक पाउडर का परीक्षण, रसायन और पॉलिमर को ऑप्टिमाइज करने में, पर्यावरण एवं मृदा विज्ञान में मिट्टी की बनावट और हवा में मौजूद धूल या पोल्यूटेंट्स, माइक्रोप्लास्टिक आदि की जांच करने में किया जाता है। हैंड्स ऑन सत्र में श्री शिवप्रकाश सोलंकी ने उपकरण के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि से सैम्पल तैयार करने के बारे में बहुत ही बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक जानकारी प्रदान की। केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सी.ए.आर. में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं की श्रृंखला में 2026 का यह दसवॉ अध्याय था। संपूर्ण हैंड्स ऑन सत्र सी.ए.आर. तकनीकी टीम के डॉ. विवेक कुमार पांडे, श्री शिवप्रकाश सोलंकी, श्री सौरभ साह, श्री आशीष चढ़ार, श्री अरविन्द चडार, श्री चंद्रप्रकाश सैनी, श्री दीपक यादव और अर्पणा पुरोहित की तकनीकी देखरेख में आयोजित किया गया।

कमिश्नर ने लगाया अस्पताल का चक्कर, जिला प्रशासन भी कर चुका है दौरा

सीएम दौरे से पूर्व अस्पताल में निरीक्षण दिखावे की राउंडिंग या बदलेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



मुख्यमंत्री के 21 अगस्त को प्रस्तावित टीकमगढ़ दौरे को लेकर जिला अस्पताल इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण का केंद्र बना हुआ है। बुधवार शाम सागर संभागायुक्त अनिल सुचारी और सागर रेंज के आईजी जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया, विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बातचीत की। इसके बाद अधिकारी अस्पताल का एक राउंड लेकर आगे के लिए रवाना हो गए। हैरत की बात है कि जिला अस्पताल में मौजूद कमियाँ इन बरिष्ठ अधिकारियो को दिखाई क्यों नहीं दे रही। या फिर इन कमियों को अनदेखा क्यों किया जा रहा और अगर कोई व्यवस्था सुधारनी ही नहीं है तो फिर ये निरिक्षण नाम की खानापूर्ति क्यों की जा रही है। ऐसे कई सवाल जनता के मन में खलबली मचाये हुये है।

अधिकारियों के निरीक्षण के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि इस दौरे का असर अस्पताल की रोजमर्रा की व्यवस्थाओं पर कितना दिखाई देगा। क्योंकि जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओ को लेकर सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला द्वारा पूर्व में कई पत्र स्वास्थ्य विभाग में बरिष्ठ स्तर पर लिखे गये लेकिन उनके पत्रों को लेकर भी कोई ठोस कार्यवाही की बात सामने नहीं आई। मरीजों, उनके अटेंडरों और स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का टीकमगढ़ दौरा प्रस्तावित हुआ है तभी से अस्पताल में समय-समय पर बड़े अधिकारियों के निरीक्षण तो हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। लोगों का कहना है कि केवल अस्पताल का चक्कर लगाने से व्यवस्थाएं नहीं सुधरेंगी, बल्कि मरीजों को बेहतर इलाज, चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता और जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

जिला अस्पताल लंबे समय से विभिन्न कारणों को लेकर चर्चा में बना हुआ है। अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों की लापरवाहीपूर्ण कार्यप्रणाली और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। कुछ चिकित्सकों की कार्यप्रणाली को लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप सामने आते रहे हैं। इलाज के नाम पर कथित रूप से पैसों के लेनदेन से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले भी चर्चा में रहे हैं। ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के बाद मरीज और उनके परिजन उम्मीद कर रहे हैं कि केवल औपचारिक निरीक्षण तक मामला सीमित न रहे, बल्कि शिकायतों की वास्तविकता की जांच कर जिम्मेदारी भी तय की जाए। मरीजों और अटेंडरों का कहना है कि अस्पताल में सबसे बड़ी जरूरत यह है कि मरीजों को समय पर चिकित्सकीय परामर्श और उपचार मिले। अस्पताल पहुंचने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उनका कहना है कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मरीजों से बातचीत तो की जाती है, लेकिन निरीक्षण के बाद सामने आने वाली कमियों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी आमतौर पर सार्वजनिक नहीं हो पाती। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है। ऐसे में लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के आने से पहले अस्पताल की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और अन्य तैयारियों पर ध्यान देना जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही अस्पताल की लंबे समय से चली आ रही मूल समस्याओं का स्थायी समाधान भी होना चाहिए। इधर, संभागायुक्त अनिल सुचारी पूर्व में भी अपने निर्देशों को लेकर चर्चा में रहे हैं। 15 अगस्त के अवसर पर सागर संभाग के स्कूलों में बच्चों को पेड़ा बांटने के निर्देश दिए जाने के बावजूद कई स्थानों पर बच्चों को पेड़े की जगह पूरी और बूंदी वितरित किए जाने की खबरें सामने आई थी।

जनसेवक दे रहे प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर

श्रीनगर में दिया प्रशिक्षण, बीज उपचार से लेकर जैविक खाद, कीट प्रबंधन तक दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल के आदेश और कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश तथा उप संचालक कृषि मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत टीकमगढ़ क्षेत्र के चयनित 321 किसानों को जैविक प्रशिक्षक मुन्नीलाल यादव जनसेवक द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। जसवंत नगर, मवई, दरयाव नगर, पपावनी, नयाखेरा, हनुमान सागर, मऊघाट, श्रीनगर और दुर्गापुर के किसानों को जैविक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करते हुए खेती में रासायनिक आदानों का उपयोग कम करने की जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत श्रीनगर में त्रिदेव गौ मानव सेवा समिति द्वारा चयनित किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट हरिद्वार के कार्यक्रम प्रभारी, पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी एवं जैविक प्रशिक्षक मुन्नीलाल यादव जनसेवक के नेतृत्व में आयोजित शिविर में श्रीनगर के 55 किसानों ने चार से पांच घंटे तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक खेती की पूरी प्रक्रिया व्यावहारिक रूप से समझाई गई। मुन्नीलाल यादव ने मिट्टी परीक्षण, खेत की गहरी जुताई, बीज उपचार, बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत और वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने तथा इनके खेत में उपयोग की विधियों की जानकारी दी। फसलों में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए पारंपरिक जैविक संसाधनों से तैयार पोषक घोल एवं टॉनिक के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। कीट प्रबंधन के लिए रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को दशपर्णी अर्क, नीमास्त्र, नीम तेल, लाइट ट्रैप तथा नीली-पीली चिपचिपी पट्टियों के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि जैविक खेती में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर खेती की लागत कम करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को खेतों का भ्रमण भी कराया गया। इस दौरान जैविक खाद और अन्य जैविक आदानों के खेत में उपयोग का प्रत्यक्ष अवलोकन कराते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बृजेश कुमार अहिरवार ने रासायनिक और जैविक खेती के बीच अंतर समझाते हुए किसानों को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तरीके से जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। एलआरपी लखन लाल यादव ने रासायनिक खेती में कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से पर्यावरण और जैव विविधता पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक किया। उन्होंने प्राकृतिक और सुरक्षित खेती को बढ़ावा देने की अपील की। शिविर के दौरान किसानों ने जैविक खेती में उत्पादन, जैविक खाद तैयार करने की विधि, गाय एवं भैंस के गोबर तथा गोमूत्र के अंतर सहित कई व्यावहारिक सवाल पूछे। मुन्नीलाल यादव, बृजेश कुमार अहिरवार और भुनेश्वर राय ने किसानों की जिज्ञासाओं का विस्तार से समाधान करते हुए जैविक खेती को वैज्ञानिक और व्यावहारिक तरीके से अपनाने का मार्गदर्शन दिया।

50 फीसदी हल्का भारतगैस लाइट जिप सिलेंडर लॉन्च, 4 घंटे में डिलीवरी का दावा

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस लेवल इंडिकेशन, बेहतर सुरक्षा व आसान पंजीयन सुविधाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



भारत पेट्रोलियम की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतगैस के नए लाइट जिप सिलेंडर की सुविधा टीकमगढ़ में उपलब्ध कराई जा रही है। इसी संबंध में ईदगाह मार्केट स्थित एक निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक राकेश गिरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि भारत पेट्रोलियम के टेरिटरी मैनेजर महेंद्र दलवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान भारतगैस लाइट जिप सिलेंडर की विशेषताओं, उपयोगिता और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सरकार की योजनाओं और उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नई तकनीक और बेहतर सेवाओं का विस्तार जरूरी है, जिससे लोगों को गैस कनेक्शन और सिलेंडर से संबंधित सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

टेरिटरी मैनेजर महेंद्र दलवी ने भारतगैस लाइट जिप सिलेंडर की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सामान्य घरेलू सिलेंडर की तुलना में करीब 50 प्रतिशत हल्का बताया जा रहा है। कम वजन होने के कारण इसे उठाने और एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में उपभोक्ताओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और ऐसे उपभोक्ताओं के लिए यह हल्का सिलेंडर उपयोगी हो सकता है, जिन्हें भारी सिलेंडर उठाने में परेशानी होती है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लाइट जिप सिलेंडर के लिए उपभोक्ता हैलो बीपीसीएल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। प्रचार सामग्री में आसान पंजीकरण, तत्काल नया कनेक्शन तथा चार घंटे में डिलीवरी जैसी सुविधाओं का उल्लेख किया गया। हालांकि डिलीवरी की सुविधा संबंधित क्षेत्र और सेवा व्यवस्था के अनुसार उपलब्ध होने की बात बताई गई। नए सिलेंडर में गैस के स्तर की जानकारी देने के लिए गैस लेवल इंडिकेशन जैसी सुविधा भी बताई गई है। इसके अलावा बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े फीचर्स की जानकारी भी कार्यक्रम में दी गई। आयोजकों के अनुसार इन सुविधाओं का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर के उपयोग को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना है। टीकमगढ़ में भारतगैस लाइट जिप सिलेंडर की सुविधा गिरिराज गैस सर्विस के माध्यम से प्रचारित की जा रही है। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को हैलो बीपीसीएल ऐप डाउनलोड कर पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आधुनिक दधीचि बने अवस्थी को दतिया मेडिकल कॉलेज ने दी श्रद्धांजलि

चिकित्सा अनुसंधान के लिए देहदान करने पर 15 अगस्त को परिजनों को सौंपा प्रशस्ति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



बुंदेलखंड के इतिहास, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले प्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार स्वर्गीय हरि विष्णु अवस्थी ने जीवन के अंतिम पड़ाव में भी समाजसेवा की ऐसी मिसाल कायम की, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। देहदान का संकल्प लेकर उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद भी चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में योगदान दिया है। इसी मानवीय और प्रेरणादायी कार्य के लिए दतिया मेडिकल कॉलेज द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर 15 अगस्त को वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार स्वर्गीय हरि विष्णु अवस्थी के पुत्र आशुतोष अवस्थी को परिवार सहित आमंत्रित करके सम्मानित किया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के शरीर रचना शास्त्र विभाग दतिया की ओर से डीन डॉ दीपक मरावी द्वारा आशुतोष अवस्थी को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया कि स्वर्गीय हरि विष्णु अवस्थी का पार्थिव शरीर 12 सितंबर 2025 को उनके परिवार की ओर से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग के लिए मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हुआ। कॉलेज प्रबंधन ने देहदान की इच्छा का सम्मान करते हुए उसका पालन करने पर परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया। यह सम्मान स्वर्गीय अवस्थी के उस महान संकल्प की आधिकारिक स्वीकृति है, जिसके माध्यम से उन्होंने मृत्यु के बाद भी चिकित्सा शिक्षा और मानव सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित किया। हरि विष्णु अवस्थी का सितंबर 2025 में 93 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। निधन के बाद उनके पूर्व संकल्प के अनुरूप दतिया मेडिकल कॉलेज की टीम उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए दतिया ले गई थी। उनके देहदान को समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए उन्हें महर्षि दधीचि की परंपरा से जोड़कर श्रद्धा के साथ याद किया गया।

शिक्षा विभाग में सेवा के साथ शुरू हुआ इतिहास संरक्षण अभियान

वर्ष 1949 से उन्होंने शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं शुरू कीं। इसके बाद प्रधानाध्यापक और सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया। 31 मई 1994 को सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपना अधिकांश समय साहित्य, इतिहास और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में लगा दिया। शिक्षा विभाग में सेवा के दौरान भी वे टीकमगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते रहे। सेवानिवृत्ति के बाद यह कार्य उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य बन गया।

दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों का समृद्ध निजी संग्रह

टीकमगढ़ में उन्होंने एक समृद्ध निजी पुस्तकालय भी तैयार किया था, जिसमें बुंदेलखंड के इतिहास, ओरछा राजघराने, चंदेल काल, लोक साहित्य और संस्कृति से जुड़ी दुर्लभ तथा अप्रकाशित पुस्तकें और पांडुलिपियां संग्रहित थीं। बुंदेली संस्कृति और इतिहास पर शोध करने वाले विद्यार्थी, लेखक और शोधार्थी उनके निजी संग्रह से जानकारी प्राप्त करते थे। विशेष बात यह थी कि वे शोधार्थियों को बिना किसी स्वार्थ के मार्गदर्शन प्रदान करते थे। किसी विषय पर जानकारी लेने वाला व्यक्ति उनके पास पहुंचता तो वे अपने ज्ञान और संग्रह के आधार पर उसे आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास करते थे। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को एक स्थान पर संकलित करने के उद्देश्य से तैयार की गई महत्वपूर्ण ग्रंथ श्रृंखला बुन्देलखण्ड समग्र के संपादन में भी हरि विष्णु अवस्थी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बुंदेलखंड इतिहास का चलता फिरता पुस्तकालय थे अवस्थी

हरि विष्णु अवस्थी केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के इतिहास के चलते-फिरते पुस्तकालय के रूप में जाने जाते थे। बुंदेलखंड के राजवंशों, ओरछा के शासकों, बुंदेला राजाओं, किलों, वास्तुकला, ऐतिहासिक घटनाओं और लोक संस्कृति से जुड़ी उनकी जानकारी अद्भुत थी। उम्र के 90 वर्ष पार करने के बाद भी उनकी स्मरणशक्ति इतनी तेज थी कि वे ऐतिहासिक घटनाओं की तारीख और उनके संदर्भ सहजता से बता दिया करते थे। उनका जन्म 15 फरवरी 1933 को तत्कालीन ओरछा राज्य और वर्तमान टीकमगढ़ में हुआ था। उनके पिता का नाम रामकिशोर अवस्थी और माता का नाम काशीबाई था। जन्मभूमि के इतिहास और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत से उनका गहरा जुड़ाव जीवनभर बना रहा।

तीन वर्ष पहले ही लिया था देहदान का संकल्प

स्वर्गीय अवस्थी ने अपने निधन से करीब तीन वर्ष पूर्व दतिया मेडिकल कॉलेज के एनाटमी विभाग में देहदान का संकल्प लिया था। उनका यह निर्णय इस बात का प्रमाण था कि वे जीवनभर जिस ज्ञान और समाजसेवा को महत्व देते रहे, मृत्यु के बाद भी उसी भावना को आगे बढ़ाना चाहते थे। समाजहित में निस्वार्थ भाव से किए गए इस महादान के कारण उन्हें पहले भी दादा मगनलाल गोयल स्मृति मानव सेवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका था।

श्रद्धालु व स्कूली बच्चे परेशान, जिम्मेदार बने अनजान

हरितला मंदिर के सामने नालियों का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



नगर के वार्ड नंबर-2 स्थित प्रसिद्ध हरितला मंदिर के सामने नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से श्रद्धालुओं, स्थानीय रहवासियों और स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के मुख्य मार्ग पर जलभराव और गंदगी के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। धार्मिक स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने-जाने के बावजूद नगर परिषद द्वारा समस्या का स्थायी समाधान नहीं किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी है। समस्या से परेशान श्रद्धालुओं ने मौके का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो के माध्यम से लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान मंदिर के सामने बनी इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की समुचित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर आकर जमा हो जाता है। बही दूसरी ओर नगर पंचायत का कहना है कि संबंधित स्थल पर कॉलोनी बसी हुई है जहाँ पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसकी बजह से समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर पंचायत द्वारा सफाई कराई गई थी लेकिन पुनः पानी का भराव हो जाता है। रहवासियों के मुताबिक इस समस्या को लेकर नगर परिषद पलेरा में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से राहगीरों को मजबूरी में इसी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश और नालियों के पानी के कारण स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। हरितला मंदिर नगर का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। मंदिर के सामने जलभराव होने से पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। वहीं आसपास रहने वाले परिवारों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। लोगों को आशंका है कि लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध और मच्छरों के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। श्रद्धालुओं और स्थानीय रहवासियों ने जिला प्रशासन तथा नगर परिषद पलेरा से मामले को गंभीरता से लेते हुए मंदिर के सामने सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कराने, नालियों की सफाई कराने और पानी की निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल की गरिमा और आमजन की सुविधा को देखते हुए समस्या का तत्काल समाधान किया जाना जरूरी है।

इनका कहना है

बहाँ हमने सफाई कराई थी लेकिन जिसने कॉलोनी बनाई है उन्होंने पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की। जिसकी बजह से भराव होता है। मै पुनः दिखवा लेती हूँ।

शिवि उपाध्याय, सीएमओ नगर पंचायत पलेरा

संस्कार द्विवेदी बने युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, संगठन विस्तार के साथ युवाओं को जोड़ने पर दिया जोर

टीकमगढ़। अखंड ब्राह्मण महासभा द्वारा संगठन को मजबूत और व्यापक बनाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ में संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। नजरबाग स्थित रामराजा सरकार मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाजहित, सामाजिक एकता और युवाओं की संगठन में सक्रिय भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार द्विवेदी को अखंड ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही दिव्यांश लिटोरिया, अनंत द्विवेदी, अभिषेक मिश्रा, मृत्युंजय पाठक, अनमोल शर्मा और ध्रुव रावत सहित अन्य कार्यकर्ताओं को संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में बुंदेलखंड सचिव लक्ष्मी नारायण पटेरिया, मंडल सचिव रामबाबू दूबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णकांत चौबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शुक्ला, ब्लॉक संयोजक आशीष राजोरिया, वरिष्ठ मीडिया प्रभारी जितेंद्र तिवारी एवं वरिष्ठ मीडिया प्रभारी ऋषि तिवारी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सक्रिय कार्यकर्ताओं और युवाओं की भागीदारी से होती है। इसी उद्देश्य को लेकर संगठन के विस्तार के साथ युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समाज में आपसी समन्वय, एकजुटता और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। नवनियुक्त युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संस्कार द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।



कार्यालय नगर परिषद बडागांव (धसान) जिला- टीकमगढ (म.प्र.)

क्र./168/न.प./2026 :: इश्तहार म्यादी 30 दिवस :: बडागांव दिनांक 19/08/2026

मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150-151 के तहत आवेदकों द्वारा हक का हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं। अतः इन आवेदनों के संबंध में जिस किसी को भी आपति हो तो म्याद 30 दिवस के अंदर नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें, म्याद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

क्र.	अनावेदक	आवेदक	पिता / पति का नाम	वार्ड क्रं.	भवन / प्लॉट कमांक	सम्पत्ति का प्रकार	नामांतरण का माध्यम
1	स्व. श्री दुर्गा प्रसाद कुम्हार	श्री सुखदेव कुम्हार	स्व. श्री दुर्गा प्रसाद कुम्हार	12	54	भवन	पैत्रिक
2	स्व.श्री दुर्गा प्रसाद कुम्हार	श्री मोहनलाल कुम्हार	स्व. श्री दुर्गा प्रसाद कुम्हार	12	54/1	भवन	पैत्रिक
3	श्री हुकुम चन्द्र जैन	श्री शिखर चन्द्र जैन, श्री देवेन्द्र कुमार जैन	श्री रतन चन्द्र जैन	11	15	भवन	रजिस्ट्री

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बडागांव (धसान), जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.)

पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज, चारों आरोपी गिरफ्तार

जांच में खुलासा: नवविवाहिता रिंकी की गला घोंट कर की गई हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



वीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम काऊपुरा में तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों के बीच हुई नव विवाहिता रिंकी रावत की मौत हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। पति के द्वारा ही उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। लेकिन उसे ससुरालीजनों द्वारा भी दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इसका खुलासा पुलिस की जांच के दौरान हुआ है। विजयपुर एसडीओपी की जांच रिपोर्ट के बाद वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में मृतिका के पति जल सिंह रावत समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को अरेस्ट भी कर लिया है।

बताना होगा कि चार माह पहले दुल्हन बनकर काऊपुरा गांव में आई नवविवाहिता रिंकी रावत पत्नी जल सिंह रावत की 15-16 अगस्त की दरमियानी रात को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। नवविवाहिता का शव उसके बिस्तर पर पड़ा मिला। इस मामले में नवविवाहिता के मोरेका निवासी मायके पक्ष के लोगों ने नव विवाहिता की गला घोंटकर हत्या किए जाने का आरोप भी लगाया। तत्समय पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था।

पति, ससुर, देवर और दादी सास पर एफआईआर दर्ज

एसडीओपी की जांच रिपोर्ट के बाद वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में मृतिका रिंकी के पिता मोहर सिंह रावत पुत्र गप्पू सिंह रावत निवासी मोरेका थाना ओछापुरा की रिपोर्ट पर पति जल सिंह रावत, ससुर अतर सिंह रावत, देवर उदल सिंह तथा दादी सास हल्की बाई के खिलाफ हत्या, दहेज हत्या, दहेज प्रताडना की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। विशेष बात यह है कि मृतिका रिंकी की ससुराल में उसकी सास भी मौजूद है, मगर मायके पक्ष के लोगो ने दिए अपने बयानों में सास के द्वारा प्रताडित करने की बात नहीं बताई है। इसलिए पुलिस ने मृतिका की सास का नाम एफआईआर में शामिल नहीं किया है।

रात में हुई कहासुनी के दौरान पति ने घोंट दिया गला

इस मामले की जांच एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर द्वारा की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि रिंकी और जल सिंह की शादी करीब चार माह पहले हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग रिंकी को दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। वहीं 14-15 अगस्त की दरमियानी रात को जब नव विवाहिता रिंकी अपने पति के साथ कमरे में सो रही थी, तभी रात में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी अधिक बढ़ गई कि पति ने रिंकी का गला घोंटकर हत्या कर दी। उधर मायके पक्ष के लोगों द्वारा पुलिस को दिए गए वीडियो में भी मृतिका का पति जर सिंह उर्फ जल सिंह रावत रिंकी की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात कबूल कर रहा है। पुलिस की जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि नवविवाहिता को उसके ससुराल वाले दहेज को लेकर भी प्रताड़ित करते थे। यह प्रताड़ना उसके पति के अलावा उसके ससुर अतर सिंह रावत, देवर उदल तथा 75 साल की दादी साल हल्की के द्वारा दी जाती थी।

आरोपी अरेस्ट

पीएम रिपोर्ट और मामले की जांच के दौरान मृतिका रिंकी की गला घोंटकर हत्या किए जाने तथा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने की बात सामने आई है। इसलिए पति समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चारों को अरेस्ट कर लिया है।

राघवेन्द्र सिंह तोमर
एसडीओपी, विजयपुर

श्योपुर जिले की बडौदा मंडी सी तो विजयपुर मंडी डी क्लास में शामिल

धान से मालामाल हुई श्योपुर मंडी मिला ए क्लास की मंडी का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में होने वाली धान की बंपर पैदावार ने श्योपुर की कृषि उपज मंडी को न सिर्फ मालामाल कर दिया है, बल्कि दस साल पहले छिना ए क्लास की मंडी का दर्जा भी श्योपुर कृषि उपज मंडी को वापस मिल गया है। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रदेशभर की मंडियों की सालाना आय को देखते हुए उनकी जो श्रेणिया निर्धारित की गई, उसमें श्योपुर की कृषि उपज मंडी को ए क्लास की मंडियों में शामिल कर दिया गया है। जबकि श्योपुर जिले में संचालित बडौदा कृषि उपज मंडी को सी क्लास तो विजयपुर कृषि उपज मंडी को डी क्लास की मंडी में रखा गया है।

बुधवार को मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा मप्र की सभी कृषि उपज मंडियो की जो श्रेणी निर्धारित की गई है,वह श्रेणी विगत तीन वित्तीय वर्षो के दौरान कृषि उपज मंडियों में फसल की औसत आवक और उससे मंडियों को मिलने वाले टैक्स के आधार पर निर्धारित की गई है। जिन कृषि उपज मंडियों की सालाना अर्जित टैक्स की राशि 6 करोड रूपए से अधिक होती है,उन कृषि उपज मंडियों को ए क्लास की मंडियों में रखा जाता है। बताया जा रहा है कि जब से श्योपुर मंडी में धान की खरीदी का कार्य शुरू किया गया है,तब से ही श्योपुर मंडी के टैक्स में बढोत्तरी हो गई है। हर साल मंडी में होने वाली धान की बंपर आवक से श्योपुर मंडी को मिलने वाले टैक्स की राशि 6 करोड रूपए की राशि से अधिक पहुंच गई है। इसलिए श्योपुर की कृषि उपज मंडी को मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने ए क्लास की मंडियो में शामिल कर लिया है। जिसके चलते श्योपुर मंडी के अधिकारी कर्मचारियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है।



संभाग की चार मंडियां बनी ए क्लास की मंडी

मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा ग्वालियर चंबल संभाग की चार कृषि उपज मंडियों को ए क्लास का दर्जा दिया गया है। जिनमें श्योपुर कृषि उपज मंडी के साथही अशोकनगर, गुना और डबरा कृषि उपज मंडी भी शामिल है।

श्योपुर मंडी पहले रह चुकी है ए क्लास की मंडी

बता दें कि श्योपुर की कृषि उपज मंडी पहले भी ए क्लास की मंडी रह चुकी है। मगर मंडी के सूत्र बताते है कि करीब 10-12 साल पहले श्योपुर कृषि उपज मंडी से ए क्लास का दर्जा मंडी की सालाना आय में कमी होने के चलते छिन गया था। जिसकारण श्योपुर मंडी बी क्लास की मंडियो में शामिल हो गई थी। मगर जब से श्योपुर मंडी में धान की आवक हुई है,तब से ही श्योपुर मंडी की आय में बढोत्तरी हो गई है। इसलिए श्योपुर मंडी को वापस ए क्लास की मंडी का दर्जा मिल गया है।

इनका कहना...

हां, श्योपुर कृषि उपज मंडी अब ए क्लास की मंडी बन गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि श्योपुर मंडी को ए क्लास का दर्जा हमेशा बना रहे और मंडी में फसल विक्रय के लिए आने वाले किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े।

वीरेन्द्र सिंह ठाकुर
मंडी सचिव श्योपुर

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सालों से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे कर्मचारियों की नाराजगी का गुबार अब फूटने लगा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे कर्मचारियों के आंदोलन भी बढ़ने लगे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदेश स्तरीय और जिला स्तरीय मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख किया गया है उसमें 2 प्रतिशत महंगाई भता और महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से दिया जाए।नव नियुक्त कर्मचारियों के 3 वर्ष तक 70, 80, 90 प्रतिशत वेलन का बंधन हटाया जाए। अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त की जाए। कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए। E-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त की जाए। 1 सितम्बर 2009 आरटीई एक्ट अधिसूचना जारी होने की दिनांक से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट परीक्षा के बंधन से मुक्त किया जाए। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की जाए। आईएफएमआईएस पोर्टल पर नवीन शिक्षक संवर्ग की गलत प्रविष्ट प्रथम नियुक्ति दिनांक को सही किया जाए।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त की जाए। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के लिपिकों के समान वेतनमान दिया जाए। उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति में विभागीय परीक्षा की बाधा हटाई जाए तथा इन्हे व्याख्याताओं की पदोन्नति नियम के समान ही पदोन्नति दी जाए। प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नतियों में टेट परीक्षा का बंधन समाप्त किया जाए। दैनिककर्मी स्थाई कर्मी/आऊट सोर्स कर्मचारी/संविदा कर्मचारी अतिथि शिक्षक को नियमित किया जाए। इसके अलावा स्थानीय स्तर की मांगो के समर्थन में भी ज्ञापन सौपा गया। मांगे पूरी नहीं होने पर सड़कों पर उतरकर धरने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।



30 को सोंईकलां से जाएगी क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा



पैदल यात्री झंडा चढ़ाकर बाबा से करेंगे जिले की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जन आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 30 अगस्त रविवार को सोंईकलां से रवाना होगी। गाजेबाजे के साथ जाने वाली इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जो पैदल यात्रा करने के बाद बाबा के दरबार में झंडा चढाकर बाबा से जिले की खुशहाली की कामना करेंगे। पैदल यात्रा समिति ने इस पैदल यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है।

पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के अध्यक्ष रामनिवास सुमन ने बताया कि इस साल सोंईकलां से श्री क्षेत्रपाल बाबा की 11 वीं पैदल यात्रा जाएगी। जो 30 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे गांवघेर के हनुमान मंदिर से शुरू होगी, गाजेबाजे के साथ यह पैदल यात्रा गुरूनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाडा, बहरावदा, सरोदा और मानपुर होते हुए शाम को जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर पहुंचेगी, जहां पैदल यात्री विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर पैदल यात्रा का समापन करेंगे और जिले की खुशहाली के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे।

साथी पीड़ित छात्रा के समर्थन में सौंपा ज्ञापन, अधीक्षक को हटाने की मांग

शबरी माता आवासीय कन्या शिक्षा परिसर के विद्यार्थियों ने घेरी कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शबरी माता आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में विगत दिनों जिस छात्रा के साथ हुए अमानवीय व्यवहार होने की शिकायत कलेक्टर को मिली है उस शिक्षा परिसर के विद्यार्थियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर शीला दाहिमा के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जिसमें छात्रावास अधीक्षक पर जांच प्रभावित करने का अंदेशा जताते हुए तत्काल हटाने की मांग की गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा में अध्ययनरत नाबालिग आदिवासी छात्राओं से संबंधित गंभीर प्रकरण की वर्तमान में जांच चल रही है। उक्त मामले में छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर शिक्षक पंकज मथुरिया को निलंबित किया जा चुका है तथा अन्य संबंधित स्टाफ को नोटिस जारी किए गए हैं। हम जिला प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक कार्रवाई का स्वागत करते हैं लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में छात्रावास की अधीक्षिका का उसी पद पर बने रहना निष्पक्ष जांच के लिए उचित प्रतीत नहीं होता। जानकारी के अनुसार छात्रावास की छात्राओं एवं संबंधित स्टाफ पर बयान देने अथवा मामले के संबंध में दबाव बनाए जाने की आशंका है। ऐसी स्थिति में यदि अधीक्षिका उसी छात्रावास में पदस्थ रहती हैं तो छात्राओं के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बयान प्रभावित होने तथा जांच की प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहेगी। जांच पूरी तरह स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो इसके लिए महिला अधीक्षक को तत्काल हटाकर उसके स्थान पर दूसरी महिला को अधीक्षक बनाया जाए।



दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा टूटा हुआ पोल, नए पोल पर भूले शिफ्टिंग करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बड़ौदा रोड पर एक माह पहले बिजली का पोल टूट कर रोड पर बेरियल की तरह झुक गया है। यह पोल कभी भी गिरकर दुर्घटना का कारण बन सकता है। दुकानदारों की शिकायत पर बिजली विभाग ने नया पोल तो दूसरी जगह गाढ़ दिया है लेकिन नए पोल पर लाइन शिफ्ट करना शायद भूल गया है जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। विगत दिनों आंधी तूफान के कारण बड़ौदा रोड पर बिजली का पोल टूट गया था और सड़क पर आधे से अधिक झुक गया जिससे दुर्घटना की आशंका व्याप्त हो गई। दुर्घटना से बचने के लिए दुकानदारों ने बिजली विभाग को आवेदन देकर नया पोल गाडने और लाईन शिफ्ट करने की मांग की थी लेकिन बिजली विभाग ने उक्त जगह पहुंच कर नया पोल तो गाड दिया लेकिन लाइन शिफ्ट नहीं की जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है।



प्रशासन के फैसले से भ्रम की स्थिति में सीजनवल दुकानदार

इधर बाजार में शुरू हो गई राखी की बिक्री उधर मेला मैदान को है बाजार का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला स्तरीय यातायात सुधार एवं सौंदर्यकरण बैठक में लिए गए निर्णय के तहत राखी का बाजार मेला मैदान में लगाए जाने का फैसला किया गया था। इस फैसले की पालना के तहत नगर पालिका तो मेला मैदान में राखी का बाजार सजाने को तैयारी में है लेकिन दुकानदार असमंजस की स्थिति में हैं कि मेला मैदान पर क्या सभी दुकानदार अपनी राखियां लेकर पहुंचेंगे या सिर्फ सीजनेबल दुकानदार जो राखी का त्योहार करने के लिए महज सप्ताह भर पहले सड़कों पर और दुकानों के थड़ो पर राखियां बेचते हैं।

विगत दिनों यातायात सुधार एवं शहर सौंदर्य करण की बैठक में कई निर्णय लिए गए जिसमें तीज त्योहार पर बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर भी विचार हुआ इस पर निर्णय लिया गया था कि राखी का बाजार दीपावली की पटाखों की दुकानों की तरह मेला मैदान पर लगाया जाए जिस तरह पटाखों की दुकानें वीर सावरकर स्टेडियम पर लगाई जाती है उसी तरह राखी व्यवसाई भी अपनी राखियों को मेला मैदान पर ले जाकर बेचेंगे। जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को एक ही जगह विभिन्न प्रकार की राखियां और कई दुकानो के विकल्प मिल जाएंगे साथ ही बाजार में अतिक्रमण की समस्या से भी दो-चार होना नहीं पड़ेगा। लेकिन विडंबना यह आ गई है कि बाजार में तो स्थाई दुकानदारों नें अपनी दुकानों के भीतर राखियां बिक्री के लिए सजा दी हैं लेकिन दुकानों के बाहर थड़ो और बाजारों में ठेलों पर लगाए जाने वाले स्टॉल फिलहाल गायब है लेकिन वह क्या मेला मैदान में जायेंगे फिलहाल विचारणीय प्रश्न बना हुआ है।



सप्ताह भर की दुकानदारी के लिए साल भर का इंतजार

जो दुकानदार रक्षाबंधन के अवसर पर बाजारों में दुकानों के आगे थडो पर व हाथ ठेलों पर राखियां बेचते हैं वह सिर्फ सप्ताह भर अपना व्यवसाय करते हैं, और इस एक सप्ताह में भी 6 दिन तो दुकान जमाने में ही बीत जाता है बाकी दो दिन ही दुकानदारी होती है। और इस व्यवसाय का उन्हें साल भर से इंतजार रहता है। वह राखी के इस त्यौहार पर अपने परिवार की आजीविका को मजबूत बनाते हैं जो लोग राखी का त्योहार करते हैं वह बेहद निम्न वर्ग परिवार से जुड़े होते हैं और राखियां दिल्ली से लाकर बेची जाती है कभी मुनाफा मिल जाए कभी ना मिले अगर राखियां बच जाए तो अगले साल काम में आती है पर इस बार प्रशासन द्वारा बाजार में फेरी वालों को दुकान नहीं लगाने देने के निर्णय से ऐसे दुकानदार और उनके परिवार सदमे में जरूर है।



बाजार में मिलेगी राखी तो कौन जाएगा मेला मैदान में खरीदने

जिस तरह बाजार में दुकानों के भीतर राखियां बिकने के लिए सज गई है उससे प्रशासन की मंशा भी साफ होती दिखाई पड़ रही है कि वह दुकानदारों को तो अपनी राखियां दुकान के भीतर रख कर बेचने से मना ही नहीं करेंगे लेकिन दुकानों के बाहर थड़ो पर और ठेलों पर रखकर जो गरीब दुकानदार राखियां भेजते हैं उन्हें मेला मैदान में पहुंचाया जाएगा। अच्छी बात है कि सड़क पर अतिक्रमण न हो और यातायात बाधित न हो इस उद्देश्य से मेला मैदान में राखी बाजार लगे लेकिन जब लोगों को राखियां बाजार में ही दुकानों पर आसानी से मिल जाएगी तो फिर मेला मैदान में खरीदने कौन जाएगा यह सवाल भी विचारणीय है।

उपलब्ध कराएंगे छाया पानी की व्यवस्था

मेला मैदान राखी बाजार के लिए तैयार है, अगर दुकानदार आते हैं तो हम उन्हें व्यवस्थित तरीके से बैठाने के लिए जगह उपलब्ध कराएंगे। उनके लिए छाया पानी की व्यवस्था भी कर दी जाएगी।

सत्यभानु जाटव
एचओ नगरपालिका श्योपुर

ऐसे ग्राम जो एप्रोच रोड से शेष हैं उनके प्रस्ताव तैयार करें: तोमर

श्योपुर। ऐसे ग्राम जहां कम दूरी की सड़कें बनाकर उन्हें मुख्य सड़क से जोड़ा जा सके, इस प्रकार की एप्रोच रोड के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इसमें विजरपुर से किलोरच रोड तक, मेवाडा माली बस्ती से कैनाल रोड तक, राडेप से लाथ तक के रोड को शामिल किया जाए। इन्हें स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश बुधवार को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। सांसद तोमर ने कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यो से संबंधित कार्य समयावधि में पूर्ण कराये जाये तथा ऐसे कार्य जो वरिष्ठ स्तर पर लंबित है, उनकी सूची उन्हें उपलब्ध कराई जायें, जिससे उन कार्यो की स्वीकृति के लिए वरिष्ठ स्तर पर प्रयास सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने कहा कि सांदीपनि श्योपुर एवं विजयपुर के निर्माण कार्य अगले दो माह में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि एनएच, पीएमजीएसवाय, आरईएस, स्वास्थ्य विभाग, पीआईयू एवं लोक निर्माण विभाग सहित पीएम जनमन में संचालित निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने 20 अगस्त से आयोजित होने "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा के संबंध में भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने वीबी जी रामजी योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि योजना के तहत एक वर्ष में ग्रामीण रोजगार की 125 दिवस रोजगार की गारंटी दी गई है। इस योजना में 4 प्रकार के कार्यो के क्रियान्वयन का प्रावधान किया गया है, जिसमें 313 प्रकार के कार्य शामिल है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीपीएम हेमंत रावत ने जानकारी दी कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 भवनों का निर्माण संचालित है, जिसमें जिला मुख्यालय पर 150 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा एक माह में विद्युत आदि का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा, इसके अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल विंग एवं 100 बेड जनरल वार्ड के लिए भवन और सुविधाएं विकसित की गई है। उन्होंने ढोढर में बन रहे 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की प्रगति से भी अवगत कराया। पीएमजीएसवाय के अधिकारियों ने जानकारी दी कि पीएमजीएसवाय-4 में 57 सडको तथा पीएम जनमन के तहत 48 सड़कों की टेण्डर प्रक्रिया भोपाल में संचालित है, पीएमजीएसवाय अंतर्गत 62 करोड 18 लाख 7 हजार तथा पीएम जनमन अंतर्गत 72 करोड 61 लाख 58 हजार रूपये की लागत से इन सडको का निर्माण कराया जायेगा। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी आवश्यक एवं उपयोगी सुझाव दिए।



खबर संक्षेप

रूठियाई-बीना मेमू ट्रेन के समय में आंशिक संशोधन

बीना। पश्चिम मध्य रेलवे के परिचालन विभाग द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं परिचालन सुगमता को ध्यान में रखते हुए ट्रेन नंबर 61626 रूठियाई–बीना मेमू के समय में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित समय-सारणी 20 अगस्त से प्रभावी रहेगी। भोपाल मडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार संशोधित समय-सारणी के अनुसार ट्रेन नंबर 61626 अब अपने प्रारंभिक स्टेशन रूठियाई से रात्रि 8:30 बजे प्रस्थान करेगी। पूर्व में इसके प्रस्थान का निर्धारित समय रात्रि 8 बजे था। इस प्रकार रूठियाई से इसके प्रस्थान समय में 30 मिनट का परिवर्तन किया गया है। ट्रेन अपने गंतव्य बीना जंक्शन पर रात्रि 11:50 बजे पहुंचेगी। संशोधित समय-सारणीः संशोधित समय-सारणी के अनुसार ट्रेन नंबर 61626 रूठियाई–बीना मेमू रूठियाई से रात 8:30 बजे प्रस्थान करेगी और महुगरा 8:42 बजे पहुंचेगी तथा 8:43 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद गुना 8:55 बजे, माबन 9:10 बजे, पगारा 9:19 बजे, पीलीघाट 9:27 बजे, शाढौरागांव 9:38 बजे, रातीखेड़ा 9:47, अशोक नगर 9:56 बजे, हिनौतिया पीपलखेड़ा 10:06 बजे, ओर 10:13 बजे, राहतवास 10:20 बजे, पिपरईगांव 10:30 बजे, गुनेरू बामोरी 10:43 बजे, मुंगावली 10:53 बजे, कंजाई 11:04 बजे, सेमरखेड़ी 21:13 बजे महादेवखेड़ी 11:21 बजे तथा अपने गंतव्य बीना जंक्शन पर रात 11:50 बजे पहुंचेगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खनियांधाना निवासी अरबिंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीराम, सुरेन्द्र सिंह, महेश जाटव निवासी पिछोर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी लालू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल, जितेन्द, सचिन और यशवंत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शिशुपालसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालू, सोनम, रीना और आकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन आज

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर श्रृंखलाबद्ध रूप से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे से नवीन कृषि उपज मंडी, में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर अर्पित वर्मा का करैरा तहसील में एक दिवसीय भ्रमण

उप स्वास्थ्य केंद्र में मिली अव्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी को हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा







कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा आईएएस ने करैरा तहसील क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं और योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला भी उनके साथ मौजूद रहे।

भ्रमण की शुरुआत तहसील कार्यालय करैरा के औचक निरीक्षण से हुई, जहाँ कलेक्टर ने प्रशासनिक कामकाज और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन तथा आरसीएमएस पंजी का अवलोकन कर राजस्व प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। तहसील परिसर में उपस्थित आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही अधिवक्ताओं से भी प्रशासनिक समन्वय को लेकर चर्चा की।

इसके बाद कलेक्टर वर्मा विकासखंड करैरा के ग्राम दबरा, दिनारा स्थित जनजातीय बस्ती पहुँचे, जहाँ उन्होंने पैदल भ्रमण कर जनजातीय लोगों के बीच बैठकर आत्मीय संवाद किया। बस्ती में बिजली, पेयजल, राशन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आने पर उन्होंने अधिकारियों को विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी ग्राम में स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 और शासकीय प्राथमिक विद्यालय का भी उन्होंने औचक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितताएं पाए जाने पर कार्यकर्ता को हटाने तथा मध्याह्न भोजन की व्यवस्था स्थानीय समूह को सौंपने के निर्देश दिए गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई उप स्वास्थ्य केंद्र थनरा के निरीक्षण में सामने आई, जहाँ गंभीर अव्यवस्था पाई गई। निरीक्षण के समय अधिकारी कक्ष बंद मिला, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनुपस्थित पाई गईं और परिसर में भारी गंदगी के साथ इलाज कार्य ठप मिला। इस घोर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने अनुपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही अक्षम्य होगी।

भ्रमण के अंतिम चरण में कलेक्टर ने एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय थनरा का औचक निरीक्षण किया, जहाँ शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन के स्तर और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जाँच की। उन्होंने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और स्कूल परिसर में साफ-सफाई बेहतर करने के सख्त निर्देश दिए।

2 अक्टूबर से शुरू होगी साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस बीना स्टेशन पर होगा स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ट्रेन नंबर 07075/07076 चरापल्ली–गोरखपुर–चरापल्ली स्पेशल को नियमित ट्रेन के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

अब यह ट्रेन नंबर 22075/22076 चरापल्ली–गोरखपुर–चरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में साप्ताहिक संचालित होगी। इस ट्रेन के नियमित संचालन से भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों के यात्रियों को उत्तर एवं दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 22075 चारापल्ली–गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 2 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को चरापल्ली से होगा। यह ट्रेन चरापल्ली से रात्रि 9.45 बजे रवाना होकर काजीपेट जंक्शन, पेद्दापल्ली, मंचेरियल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल होते हुए इटारसी जंक्शन 12.05 बजे, भोपाल जंक्शन दोपहर 1.50 बजे एवं बीना स्टेशन शाम 4 बजे पहुंचेगी। आगे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, गोंमती नगर, बाराबंकी एवं गोंडा होते हुए अगले दिन 6.25 बजे गोरखपुर जंक्शन पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन नंबर 22076 गोरखपुर–चरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 4 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से होगा। यह ट्रेन गोरखपुर से 8:30 बजे रवाना होकर गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी होते हुए बीना जंक्शन रात 9.10 बजे, भोपाल जंक्शन 11.05 बजे, अगले दिन इटारसी जंक्शन पर रात 12.40 बजे पहुंचेगी आगे बैतूल, नागपुर, बल्हारशाह आदि स्टेशनों से होकर चरापल्ली पहुंचेगी।

ठहराव स्टेशन- चरापल्ली–गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में चारापल्ली, काजीपेट जंक्शन, पेद्दापल्ली, मंचेरियल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, उरई, पोखरायन, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, गोमती नगर, बाराबंकी जंक्शन एवं गोंडा जंक्शन सहित निर्धारित स्टेशनों पर ठहरेगी।

कुए में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम रांवसर निवासी सुखदेव पुत्र रामवीर सिंह यादव उम्र 24 साल की कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब का शपथ विधि समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी पीएमजेफ पीडीजी लायन अशोक ठाकुर, विशिष्ट अतिथि रहे। डीईओ मधु शर्मा, रीजन चेयरपर्सन एमजेफ अंजू जग्गी एवं जोन चेयरपर्सन निधिश सोलंकी प्रोग्राम कॉर्डिनेटर एवं रीना मनोज शर्मा रहीं। जिसमें नई कार्यकारणी को शपथ दिलाई गई।

संतोष चंदेल अध्यक्ष, कविता साहू और वैशाली सलूजा डायरेक्टर बनीं

कार्यक्रम में एमजेएफ वैशाली सलूजा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मल्टीपल अवॉर्ड एवं इंटरनेशनल पिन से सम्मानित किया गया। नई कार्यकारिणी में संतोष चंदेल को अध्यक्ष पद पर, मिथलेश यादव को सचिव पद पर एवं रीना यादव को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। कविता साहू एवं वैशाली सलूजा को डायरेक्टर पद पर। साथ ही किरण कुशवाह को प्रथम उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना को द्वितीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रीना मनोज शर्मा को टेल ट्विस्टर एवं टेमर पद पर प्रियंका मेहता को पीआरओ एवं मेंबर चेयरपर्सन पद पर नियुक्त किया गया।

नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई



प्राची लोधी को सम्मानित किया गया

प्राची लोधी नामक बच्ची जिसने लगातार तीन वर्षों से राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है साथ ही राज्य स्तर पर 2 बार गोल्ड एवं 1 बार ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें बार काउंसिल के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू,रोशन कोहली, डॉ जयमंडल, डॉ राजेश कुमार, मनोज कांसल,सुनील अग्रवाल, विष्णु शर्मा,सीमा अग्रवाल, डॉ अमिता सेठी, डॉ रजनी शुक्ला साथ ही अन्य क्लब और संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रही वैशाली सलूजा एवं प्रियंका मेहता ने लायंस इंटरनेशनल की नव वर्ष की थीम सेवा में निहित के बारे में जानकारी दी। सभी मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। रीना यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा नई कार्यकारिणी को शानदार सत्र की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

मातृ शक्ति ही समाज को नई दिशा देने में सक्षम है: देवेंद्र राय

ग्राम बुखारा में आयोजित हुआ नवांकुर सखी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था अंजनी रत्न सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत भवन बुखारा में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र राय ने कहा महिलाओं को एकजुट कर उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। मातृ शक्ति ही समाज को नई दिशा देने में सक्षम है। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलश यात्रा से किया गया। महिलाओं ने उत्साह के साथ अपने सिर पर कलश सजा कर रखे हरियाली का सन्देश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए। कार्यक्रम में मातृ शक्ति को पौधे वितरित किए गए व इन पौधों को उचित स्थान पर लगाकर उनके देखभाल करने की शपथ प्रफुटन समिति के सचिव अंचल कुशवाहा ने दिलाई। कार्यक्रम में भैरों सिंह कुशवाहा, पृथ्वी सिंह ठाकुर सहित ग्राम के नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी संतोष पुत्र प्रभूलाल आदिवासी उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्र.02 गोरा घाट अशोकनगर को 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय ने बताया कि दिनांक 01/01/2025 को फरियादिया/नाबालिग बालिका जिसकी उम्र 14 साल ने अपनी मां और पिता के साथ थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि शाम लगभग 6.30 बजे की बात है। वह डिग्री कॉलेज के पास गयी थी जैसे ही वह कॉलेज के पास पहुंची तो संतोष आदिवासी ने पीछे से आकर बुरी नियत से छेड़ छाड़ फिर वह अपने घर आ गयी और वह अपने माता-पिता के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने पर आयी। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाने पर धारा 74 बी.एन.एस. एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया।

भोले बाबा मंदिर में सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर राय मोहल्ला स्थित भोले बाबा मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार राय एवं समस्त राय परिवार रहे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया



तथा भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या में शीलचंद कटारिया, तुलसीराम विश्वकर्मा, राजेश सोनी, तुलसीराम राय (शिक्षक), हरि नारायण राय, मोनू ओझा (सिंगर) सहित समस्त संगीत मंडली ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम डी.जे. साउंड द्वारा भी शानदार ध्वनि व्यवस्था की गई, जिससे पूरा आयोजन सफल एवं आकर्षक रहा। इस अवसर पर राय मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भोले बाबा के जयकारों और भक्ति संगीत से गूंजता रहा। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव रहे। विशष्ट अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता ने की इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया और लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। विशेष बात यह कि ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय को ग्यारह ट्री गार्ड एवं पौधे दान दिए गए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में विभिन्न प्रजातियों के कुल 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इनमें मुख्य रूप से आम,जाम, जामुन पाम, चांदनी, चंपा, गुडहल, रबड़, मीठी नीम, पीपल, अशोक, विद्या ,गुलाब, कटहल, मधुबनी, अमरुद, कनेर रातरानी मोगरा बोतल पाम सहित अनेक फलदार पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे के साथ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समिति सदस्य, स्वयंसेवकों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की। विधायक ब्रजेन्द्र यादव ने कहा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवसीय गतिविधि न मानकर इसे निरंतर चलने वाला सामाजिक दायित्व बने। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



शहर में शांति, विश्व कल्याण और अच्छी वर्षा के लिए की पूजा-अर्चना

अशोकनगर। सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की ओर से विश्व शांति, शहर में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा एवं शांति बनी रहने की मंगलकामना को लेकर श्रद्धापूर्वक शिव परिवार पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में संगठन की महिला सदस्यों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ 11 शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके पश्चात सभी शिवलिंगों की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई तथा रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से विश्व कल्याण, देश की सुख-समृद्धि, पर्याप्त वर्षा एवं शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रार्थना की गई। महिलाओं ने विभिन्न स्वरूपों में शिवलिंगों का निर्माण कर श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की आराधना की। पूजा-अर्चना के उपरांत विधि-विधान से शिवलिंगों का विसर्जन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए धर्मलाभ अर्जित किया। सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता पर्व के अवसर पर राष्ट्र, समाज एवं संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करना रहा। आयोजन के अंत में सभी महिलाओं ने देश की उन्नति, जन-जन की सुख-शांति तथा शहर में सद्भाव और समृद्धि की मंगलकामना की। स्मोक पर अध्यक्ष अंजना दुबे सचिव वंदना पाराशर उपाध्यक्ष रानी राजोरिया रुचि शर्मा मार्गदर्शिका उमा दुबे साधना शर्मा राखी तिवारी वंदना ंदनलं डॉक्टर रजनी शुक्ला उपस्थित रहीं।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने 187 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 187 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में ग्राम बरखेडा निवासी अमरसिंह द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी कल्लू चिढार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम बहेरिया निवासी भगोबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम पारसौल निवासी मिथलेश यादव द्वारा आईडी कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने,ग्राम महुआखेडा निवासी विजयसिंह पाल द्वारा इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम आमखेडा निवासी नंदकुमार कुशवाह द्वारा बी.पी.एल सूची में नाम दर्ज कराये जाने,ग्राम ढाकोनी निवासी हरिराम सेन द्वारा नकल की कापी दिलाये जाने,ग्राम डंगोराफूट निवासी सुखविंदर सिंह द्वारा बिजली बिल अधिक आने,ग्राम तूमैन निवासी रामवीर सेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम प्यासी निवासी मलखान यादव द्वारा भूमि का कब्जा छुडवाये जाने,ग्राम बासखेडी निवासी नारायण अहिरवार द्वारा गैस सिलेण्डर दिलाये जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।



आर्थिक सहायता राशि का दिया चेक

ग्राम बरखेडा भोगी निवासी माधौसिंह आदिवासी द्वारा मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष अपना आवेदन देते हुए बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिवार का भरण पोषण नही होने पर उसे आर्थिक सहायता दिलाई जाएं। कलेक्टर द्वारा आवेदक की आर्थिक स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जिला रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा आवेदक को 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।